**Title:** Need to take action against the officers obstructing the working of the peoples representatives of the Union Territory of Dadra and Nagar Haveli.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have called Shri Mohan Delkar. He is from the Union Territory of Dadra and Nagar Haveli.

श्री मोहन एस. देलकर : मैं आज सदन में बहुत ही गंभीर बात रखना चहता हूं। दादरा और नगर हवेली जहां पर बिल्कुल लोकशाही नहीं है, सारी एग्जीक्यूटिव पॉवर्स ब्यूरोक्रेसी के पास हैं। वहां बदले की भावना को लेकर कुछ सीनियर अधिकारी चुने हुए लोगों के खिलाफ गलत चार्ज लगाकर उन्हें परेशान करने का काम कर रहे हैं। मैंने पिछले सैशन में भी यह मुद्दा उठाया था। कुछ ऑफिसर्स ने हमारे खिलाफ चार्ज लगाकर हमें परेशान करने की कोशिश की। हमारी लाइफ खतरे में डालने की कोशिश की। हमने इंक्वायरी करवाई और इंक्वायरी में यह प्रूव कर दिया कि हमारे खिलाफ जो चार्जेज लगे थे, वे सब गलत चार्जेज लगे थे लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जो लोग यह गलत काम कर रहे थे, गलत चार्ज हमारे खिलाफ लगा रहे थे, उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं हुआ। वहां आज हालत ऐसी है कि वहां जितने भी चुने हुए लोग हैं, सरपंच हैं, डिस्ट्रिक्ट पंचायत के लोग हैं, उनके खिलाफ गलत चार्ज लगाकर उनको परेशान करने का काम हो रहा है, उनको डीमोरेलाइज करने का काम किया जा रहा है। अभी दस दिन पहले एक सरपंच और डिस्ट्रिक्ट पंचायत के एक मेम्बर के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने का काम किया गया। हमने होम मिनिस्ट्री के अंदर साबित कर दिया कि यह गलत एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। हमने मांग की कि उनके खिलाफ इंक्वायरी होनी चाहिए, उनके खिलाफ एक्शन होना चाहिए लेकिन उनके खिलाफ आज तक कोई एक्शन नहीं हुआ, उन लोगों के खिलाफ आज तक कोई इंक्वायरी नहीं हुई। आज भी वे ही अफसर वहां बैठे हैं और काम कर रहे हैं। हमारे सारे चुने हुए लोगों ने नोटिस दिया है कि यदि भारत सरकार जो अधिकारी उसमें इंवाल्व्ड हैं, यदि उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेती तो हम एजीटेशन पर आ जाएंगे, हम रोड पर आ जाएंगे और हम भूख हड़ताल करेंगे। मैं यह बात कहना चाहता हूं कि यदि कल को दादरा और नगर हवेली में लॉ एंड ऑर्डर की समस्या होती है तो इसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार रहेगी। दादरा और नगर हवेली पिछड़ा हुआ इलाका है, आज मैं पार्लियामेंट के अंदर इस बात को रिकार्ड कराना चाहता हूं कि कल को दादरा और नगर हवेली यदि दूसरा नागालैंड बनता है, दूसरा मणिपुर बनता है, दूसरा त्रिपुरा बनता है तो इसके लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार होगी। मैं चाहता हूं कि जल्दी से जल्दी भारत सरकार इसमें इंटरवेन करे। वहां आज लोग रोड पर जाने की सोच रहे हैं, लोग एजीटेशन करने पर आ गये हैं। मैं चाहता हूं कि इसमें भारत सरकार इंटरवेन करे और जो वहां हालत है, उसको सुधारे। मैं चाहता हूं कि सरकार होम मिनिस्टर एडवाइजरी कमेटी जो हाइयेस्ट फोरम है, उसकी मीटिंग बुलाने का काम करे, यह हम रिक्वेस्ट कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि इसकी मीटिंग तुरंत बुलाई जाये। प्रमोद महाजन जी, हम तो आपके सपोर्टर हैं, हम आपको सपोर्ट करने का काम कर रहे हैं और आज दादरा और नगर हवेली के लोगों की हालत ऐसी है कि वहां सरकार को इंटरवेन करना चाहिए, आपको स्टेटमेंट देनी चाहिए।

**उपाध्यक्ष महोदय** : अभी रिपीट करने की जरूरत नहीं है।

**श्री मोहन एस.देलकर** : सरकार को इसमें इंटरवेन करना चाहिए।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Sahib Singh says.

*(Interruptions)* *

**श्री प्रमोद महाजन :** मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आपकी समस्या की ओर आकर्षित करूंगा।...(व्यवधान)